### अक्षत की मौत के बाद फिर उठे सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों पर सवाल

# कटनी में उच्च शिक्षा के पर्याप्त साधन होते तो शायद अक्षत को दिल्ली नहीं जाना पड़ता



**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत ढहने के हादसे में कटनी के 19 वर्षीय छात्र अक्षत यादव की मलबे में दबने से मौत हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम की पढ़ाई कर रहे अक्षत की मौत की खबर मिलते ही दुबे कॉलोनी स्थित घर में मातम छा गया। परिजन शव लेने दिल्ली रवाना हो गए।

इस हादसे के बाद कटनी की उच्च शिक्षा व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं को लेकर सवाल फिर उठने लगे हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वरी पटेल ने अक्षत की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि यदि कटनी में उच्च शिक्षा के पर्याप्त और बेहतर विकल्प उपलब्ध होते तो शायद अक्षत को पढ़ाई के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ता। पटेल ने सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि जिले में युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर बढ़ाने की दिशा में अब तक क्या ठोस प्रयास हुए हैं। उनका कहना है कि विकास के दावों के बीच शिक्षा और युवाओं के भविष्य को भी उतनी ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अक्षत की असमय मौत ने परिवार को गहरा दर्द दिया है, लेकिन साथ ही यह सवाल भी छोड़ दिया है–कटनी के युवाओं को बेहतर शिक्षा के लिए आखिर कब तक दूसरे शहरों का रुख करना पड़ेगा?

#### मै स्तब्ध हूं ! जीतू पटवारी

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्वीट कर कहा–÷मैं स्तब्ध हूं! कुछ दिन पहले जो बेटा रक्षाबंधन मनाकर गया था, आज उसका शव लौट रहा है! डी यू छात्र और कटनी (मप्र) के मूल निवासी अक्षत यादव की मौत दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही से ही हुई है !एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी भाजपा सरकार भी बेपरवाह है! दुख की घड़ी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार संवेदनशील बने और पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपए का मुआवजा दे!

### कागजों में चल रही मछुआ समितियों की खुलेगी पोल

# जिले की 64 समितियों की होगी पड़ताल, सदस्यों का भौतिक सत्यापन और वर्षों पुराने रिकॉर्ड खंगाले जाएंगे

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**



जिले में मछुआ सहकारी समितियों के नाम पर चल रही गतिविधियों की अब जमीनी जांच होगी। प्रशासन ने जिले की सभी 64 मछुआ समितियों की पात्रता और कामकाज की पड़ताल कराने के निर्देश दिए हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि समितियां वास्तव में सक्रिय हैं या केवल दस्तावेजों में संचालित हो रही हैं। समितियों की सदस्य सूची के आधार पर प्रत्येक सदस्य का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। साथ ही पिछले पांच वर्षों के सदस्य सभा रजिस्टर, मछली पकड़ने, उत्पादन और वजन के रिकॉर्ड तथा लाभांश वितरण से जुड़े दस्तावेजों की जांच होगी। प्रशासन ने पिछले 10 वर्षों में शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र से खरीदे गए मत्स्य बीज की रसीदें और पिछले तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट, कैशबुक, बैंक पासबुक व छह माह के बैंक स्टेटमेंट भी मांगे हैं। पिछले पांच वर्षों में मिले विभागीय अनुदान से जुड़े रिकॉर्ड भी जांच के दायरे में रहेंगे। जांच में अपात्र सदस्य मिलने पर उन्हें नियमानुसार हटाया जाएगा। वहीं लंबे समय से निष्क्रिय समितियों की स्थिति भी सामने लाई जाएगी और नियमों के तहत उनके विघटन की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

### राशन में गड़बड़ी मिली तो अब सीधे एफआईआर

# ढीमरखेड़ा की तीन उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता पर कलेक्टर सख्त विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी करने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों पर अब सीधे एफआईआर दर्ज होगी। ढीमरखेड़ा क्षेत्र में संचालित तीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अनियमितताएं सामने आने के बाद कलेक्टर आशीष तिवारी ने संबंधित दुकान संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राशन वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा और नियमानुसार खाद्यान्न उपलब्ध कराना विक्रेताओं की जिम्मेदारी है। इसमें गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की व्यवस्था पर नजर रखी जाए और अनियमितता सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ढीमरखेड़ा की तीन दुकानों में मिली गड़बड़ी के मामले में एफआईआर की कार्रवाई इसी सख्ती का हिस्सा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से राशन वितरण व्यवस्था में अनियमितता करने वाले विक्रेताओं को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि पात्र हितग्राहियों के हक के खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर कार्रवाई से बचना आसान नहीं होगा।

# भाजपा जिला कार्यसमिति एवं 'सेवा संकल्प अभियान' की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुआ व्यापक मंथन

### सेवा, समर्पण और संगठन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला कार्यसमिति एवं 'सेवा संकल्प अभियान' की महत्वपूर्ण बैठक में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सहभागिता करते हुए संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में सेवा, समर्पण और संगठन के संकल्प को मजबूत करते हुए जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, आमजन से निरंतर संवाद स्थापित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने को लेकर सार्थक चर्चा हुई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से सेवा भावना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन सेवा और जनसरोकारों को केंद्र में रखकर कार्य करता है। 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से सरकार की योजनाओं और संगठन के सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से जनहित के कार्यों को नई गति और प्रभावशीलता प्रदान की जा सकती है। इस अवसर पर संभाग प्रभारी विजय दुबे, जिला प्रभारी जी.एस. ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पाण्डेय, सांसद गणेश सिंह, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह, चित्रकूट विकास प्राधिकरण अध्यक्ष विजय यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, ननि स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पाल, ऋषभ सिंह, जे.पी. गुप्ता सहित जिला पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में अनुशासन मंत्र के साथ संगठन को सशक्त बनाने पर दिया जोर

### संकल्प सेवा अभियान में धर -धर शासन की योजनाएं पहुंचाएंगे कार्यकर्ता

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**



आज स्थानीय होटल में भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक स्थानीय सिल्वर रिसोर्ट में आज संपन्न हुई, जिसमें भाजपा जिला प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक, जतारा विधायक व पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, सेवा संकल्प अभियान संयोजक राजेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना , कौशल किशोर भट्ट व गोविंद बिहारी अग्रवाल, महामंत्री मनोज देवलिया, अश्वनी चढ़ार व इंजी अभय प्रताप सिंह यादव मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, आभार महामंत्री अश्विनी चढ़ार व राष्ट्रगान संचालन महामंत्री मनोज देवलिया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य , मंडल अध्यक्ष व महामंत्री एवं मोर्चा अध्यक्ष सम्मिलित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में पूरा वन्दे मातरम व अंतिम में राष्ट्रगान हुआ।

भाजपा जिला प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक ने कहा कि कार्यकर्ता का अपना महत्व होता है जिससे प्रत्याशी व पार्टी की जीत तय होती है।संगठन का निर्णय सभी कार्यकर्ताओं के हितों को ध्यान पर रखकर लिया जाता है और पार्टी सदैव अपने कार्यकर्ताओं का संरक्षण करती है। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने राजनीतिक प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिन रात परिश्रम करके शासन की योजनाओं को धरातल पर लोगों के बीच लाने कार्य करता है।

# श्री राम सुदर्शन वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

श्री राम सुदर्शन वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा *शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम* का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम एवं महत्वपूर्ण योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। कार्यक्रम में *मुख्य अतिथि के रूप में सतना विधायक श्री सिद्धार्थ कुशवाहा जी* उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी जी (अध्यक्ष पालक संघ सतना), श्री संदीप पांडे जी (अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला सतना), श्री रामगोपाल विश्वकर्मा जी, श्रीमती चंद्रिका त्रिपाठी जी, श्री नरेश श्रीवास्तव जी (स्काउट शिक्षक), श्री रामगोपाल गर्ग जी, श्री एस.पी. त्रिपाठी जी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से *सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया* तथा उनके समर्पण, परिश्रम एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर *सोसायटी अध्यक्ष श्री राजकुमार कुशवाहा जी* ने कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके संस्कार, चरित्र एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। *शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा और समाज के भविष्य का सम्मान* है। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया* गया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नगर पालिका टीकमगढ़ के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की उपस्थिति में आज कलेक्टर कक्ष में नगरपालिका उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) नगर पालिका टीकमगढ़ के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुशल सिंह गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रोत्रिय द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरपालिका उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) नगर पालिका टीकमगढ़ के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु जारी निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नगर पालिका उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) नगर पालिका टीकमगढ़ के अध्यक्ष पद के लिये नाम निर्देशन कार्य 8 सितम्बर से प्रारंभ होकर 18 सितम्बर 2026 तक किया जायेगा। नाम निर्देशन कार्य हेतु डिप्टी कलेक्टर रमेश परमार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है, जो न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी टीकमगढ़ में आर.ओ. के सहयोगी के रूप में नाम निर्देशन पत्रों का कार्य सम्पन्न करायेंगे। ज्ञातव्य है कि आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं नाम-निर्देशन पत्र आमंत्रित करने संबंधी सूचना 8 सितंबर 2026 को प्रातः 10:30 बजे से जारी की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 16 सितंबर 2026 को प्रातः 10:30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 18 सितंबर 2026 निर्धारित है।

इसी दिन अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक होने पर 29 सितंबर 2026 को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 3 अक्टूबर 2026 को प्रातः 9 बजे से मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# अति वृष्टि एवं बाढ़ से नुकसान को लेकर कांग्रेस ने एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



क्षेत्र में अति वृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्याओं और हुए नुकसान को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटर ने सोमवार को एसडीएम रामपुर बाघेलान को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रामशंकर पयासी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित परिवारों से जुड़ी विभिन्न मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। ज्ञापन में बाढ़ एवं अति वृष्टि से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं उचित मुआवजा देने, क्षतिग्रस्त मकानों और फसलों का शीघ्र सर्वे कराकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रभावित गांवों में पेयजल, बिजली, सड़क एवं स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही नुकसान का शीघ्र आकलन कर राहत प्रक्रिया शुरू करने और पात्र प्रभावित परिवारों को शासन के नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान राजेंद्र मिश्रा रामनारायण शुक्ला प्रकाश नारायण पांडेय गोकुल सिंह तनु मिश्र मनभरन द्विवेदी दिलभरन पयासी अनुराग सिंह सतीश गौतम संतोष यादव उमेश द्विवेदी हीरामणि साकेत हेमराज सिंह रामकलेश सिंह धनंजय गौतम दिनेश गोस्वामी अनूप सिंह लालमणि सिंह अमर सिंह काजल दहिया बाला गौतम अश्वनी गौतम धीरज शर्मा दिनेश शुक्ला गणेश विश्वकर्मा अभिषेक तिवारी अभिषेक कुशवाहा उपेंद्र मिश्रा पुष्पेंद्र त्रिपाठी गोकर्ण सिंह जेपी सिंह निरेंद्र द्विवेदी राजपाल पयासी सुरेश अग्निहोत्री सुरेंद्र तिवारी देवशरण पांडेय श्यामलाल विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोनान्ज़ा स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से सम्पन्न, ग्रीन कार्पेट पर हुआ शिक्षकों का स्वागत

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



बोनान्ज़ा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, बदखर में शिक्षक सम्मान समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के डायरेक्टर श्री दिलीप अरोरा रहे, अध्यक्षता चेयरमैन श्री गौरव अरोरा ने की। कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या श्रीमती प्रमिला सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय के पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

शिक्षक-शिक्षिकाओं की अगवानी ग्रीन कार्पेट पर ढोल-नगाड़ों के साथ की गई। छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों की खूबियों पर आधारित परिचय गीतों के माध्यम से उनका स्वागत किया, जिसने सबका मन मोह लिया। तत्पश्चात शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां - नृत्य एवं गीत - प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सभी शिक्षकों एवं स्टॉफ को डायरेक्टर श्री दिलीप अरोरा एवं श्रीमती रुचि अरोरा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चेयरपर्सन द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुष्मिता चक्रवर्ती ने किया। विभिन्न खेलों का आयोजन प्रिंसी सिंह, वंदना पाण्डेय एवं साक्षी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन मैत्री भोज के साथ हुआ।